उ.–युरोपीयन विद्वानोंने जैनमतके सर्व पुस्तक वांचे नही मालुम होतेहै, क्योंकि जेकर ब्राह्मणोंके मतमें अधिक ज्ञान होवे. और जैनमतमें तिसके साथ मिलता थोमासा ज्ञान होवे, तब तो हमजी जैनमत ब्राह्मणोंके मतसें रचा ऐसा मान लेवे, परंतु जैनमतका ज्ञानतो ब्राह्मणादि सर्व मतोंके पुस्तकोंसें अधिक और विलक्षणहै, क्योंकि जैनमतके जेद पुस्तक और कर्मो के स्वरुप कथन करनेवाले कर्म प्रकृति, १ पंच संग्रह, २ षट्कर्म ग्रंथादि पुस्तकोमें जैसा ज्ञान कथन करा है, तैसा ज्ञान सर्व डुनियाके मतके पुस्तकोंमे नहीहै, तो फेर ब्राह्मणोंके मतके ज्ञान से जैन मत रचा क्योंकर सिद्धहोवे, बलको यह

तो सिद्धनी हो जावेके सर्व मतोमें जो जो सूक्त वचन रचना है वे सर्व जैनके द्वादशांग समुद्रकेही बिंदु सर्व मतोमे गये हुएहै. विक्रमादित्य राजेके प्रोहितका पुत्र मुकंदनामा चार वेदादि चौदह विद्याका पारगामी तिसने वृद्धवादी जैनाचार्यके पास दीक्षा लीनी. गुरुने कुमुदचंद्र नाम दीना और आचार्यपद मिलनेसें तिनका नाम सिद्धसेन दिवाकर प्रसिद्ध हुआ, जिनके नाम कवि कालीदासने अपने रचे ज्योतिर्विदाभरण ग्रंथमें विक्रमादित्ययकी सभाके पंडितोके नाम लेतां श्रुतसेन नामसें लिखाहै, तिनोनें अपने रचे बत्तीस बत्तीसी ग्रंथमें ऐसा लिखाहै, सुनिश्चितं नःपरतंत्र युक्तिषु ॥ स्फुरंतिया कश्चिन्सुक्तिसंपदः ॥ तवैवताः पूर्वमहार्णवोच्छता ॥ जगत्प्रमाणं जिनवाक्य विप्रुष ॥१॥ उदधाविव सर्व संधव ॥ समुदीरणा

त्वयि नाथ दृष्टयः॥ नचतासु ज्ञवान्प्रदृश्यते ॥ प्रविन्नक्त सरित्स्त्विवोदधिः ॥२॥ प्रथम श्लोकका ज्ञावार्थ ऊपर लिख आएहै, दूसरे श्लोकका ज्ञावार्थ यह है, कि समुद्रमें सर्व नदीयां समा सक्ती है, परंतु समुद्र किसीज्ञी एक नदीमे नही समा सक्ता है, तैसे सर्व मत नदीयां समान है, वेतो सर्व स्याद्वाद समुद्ररूप तेरे मतमे समा सक्ते है, परंतु तेरा स्याद्वाद समुद्ररूप मत किसी मतमेंज्ञी संपूर्ण नही समा सक्ता है, ऐसेहीश्रीहरिज्नद्रसूरिजी जो जातिके ब्राह्मण और चित्रकूटके राजाके प्रोहित थे और वेद वेदांगादि चौहह विद्याके पारगामी थे, तिनोने जैनकी दीक्षालेके १४४४ ग्रंथ रचेहै, तिनोनेज्ञी उपदेशपद षोम्हशकादि प्रकरणोमे सिद्धसेन दिवाकरकी तरेही लिखाहै तथा श्री जिनधर्मी हुआ पीछे जानाहै, जि

सने शैवादि सकल दर्शन और वेदादि सर्व मतों के शास्त्र ऐसे पंडित धनपालने जोके भोजराजा की सभामें मुख्य पंडित था, तिसने श्री ऋषभदेवकी स्तुतिमें कहाहै, पावंति जमं असमंजसावि, वयणेहिं जेहि पर समया, तुह समय महो अहिणो, ते मंदाबिंदु निस्संदा ॥ १ ॥ अस्यार्थः ॥ जैनमतके विना अन्य मतके असमंजस वचनरूप शास्त्र जो जगमें यशको पावे है जैनसें वचनोसें वे सर्व वचन तेरे स्याद्वादरूप महोदधि के अमंद बिंदु भडके गए हुएहै. इत्यादि सैकडो चार वेद वेदांगादिके पाठीयोनें जैनमतमें दीक्षा लीनीहै, क्यातन सर्व पंडितोकों बौधायनादि शास्त्र पडते हुआंको नही मालुम पडा होगा के बौधायनादि शास्त्र जैनमतके वचनोसें रचे गये है, वा जैन मत बौधायनादि शास्त्रोंसें रचा गया

और किसी कालमे न्यून हो जाता है इस वास्ते थोमा और वमा मत देखके थोमे मतको वमेसे रचा मानना ये अनुमान सच्चा नही है; भट्ट मे क्समुलरने यह जो अनुमान करके, अपने पुस्तक मे लिखाहै कि वेदोंके छंदोभाग और मंत्रभागके रचेको २९०० वा ३१०० सौ वर्ष हुएहै; तो फेर बौधायनादि शास्त्र बहुत पुराने रचे हुए क्योंकर सिद्ध होवेंगे; इस वास्ते अपने मनकल्पित अनुमानसे जो कल्पना करनी सो सर्व सत्य नहीहो शक्ती है, इस वास्ते अन्य मतोमें जो ज्ञान है सो सर्व जैन मतमे है, परंतु जैनमतका जो ज्ञानहै सो किसी मतमे सर्व नही है; इस वास्ते जैन मतके द्वादशांगोकेही किंचित वचन लेकेलोकोने मनकल्पित उसमे कुछ अधिक मिलाके मत रच लीनेहै; हमारे अनुमानसेंतो यही सिध्ध होता है.

प्र. १४४–कोइ युरोपीयन विद्वान् ऐसे कहताहै कि बौध्मतके पुस्तक जैनमतसें चढतेहै ?

उ.–जेकर श्लोक संख्यामे अधिक होवे अथवा गिनतिमें अधिक होवे अथवा कवितामें अधिक होवे तवतो अधिकता कोइ माने तो हमारी कुछ हानि नहीहै, परंतु जेकर ऐसें मानना होवेके बौद्ध पुस्तकोमें जैन पुस्तकोंसे धर्मका स्वरूप अधिक कथन करा है, यह मानना विलकुल भूल संयुक्त मालुम होताहै, क्योंकि जैन पुस्तकोंमें जैसा धर्मका रूप और धर्म नीतिका स्वरूप कथन कराहै, वैसा सर्व डुनीयांके पुस्तकोंमें नही है.

प्र. १४५–जैनके पुस्तक वहुत थोमे है, और वौधमतके पुस्तक वहुत है, इस वास्ते अधिकता है ?

और किसी कालमे न्यून हो जाता है इस वास्ते थोफा और वमा मत देखके थोमे मतको वमेसे रचा मानना ये अनुमान सच्चा नही है; भट्ट मे कसमुलरने यह जो अनुमान करके, अपने पुस्तक मे लिखाहै कि वेदोंके छंदोभाग और मंत्रभागके रचेको २९०० वा ३१०० सौ वर्ष हुएहै; तो फेर बौधायनादि शास्त्र बहुत पुराने रचे हुए क्योंकर सिद्ध होवेंगे, इस वास्ते अपने मनकल्पित अनुमानसे जो कल्पना करनी सो सर्व सत्य नहीहो शक्ती है, इस वास्ते अन्य मतोमे जो ज्ञान है सो सर्व जैन मतमे है, परंतु जैनमतका जो ज्ञानहै सो किसी मतमे सर्व नही है; इस वास्ते जैन मतके द्वादशांगोकेही किंचित वचन लेकेलोकोने मनकल्पित उसमें कुछ अधिक मिलाके मत रच लीनेहै; हमारे अनुमानसेंतो यही सिध्ध होता है.

प्र. १४४—कोइ युरोपीयन विद्वान् ऐसे कहताहै कि बौध्मतके पुस्तक जैनमतसें चढतेहै ?

उ.—जेकर श्लोक संख्यामे अधिक होवे अथवा गिनतिमें अधिक होवे अथवा कवितामें अधिक होवे तबतो अधिकता कोइ माने तो हमारी कुछ हानि नहीहै, परंतु जेकर ऐसें मानना होवेके बौद्ध पुस्तकोमें जैन पुस्तकोंसें धर्मका स्वरूप अधिक कथन करा है, यह मानना बिलकुल भूल संयुक्त मालुम होताहै, क्योंकि जैन पुस्तकोंमें जैसा धर्मका रूप और धर्म नीतिका स्वरूप कथन कराहै, वैसा सर्व दुनीयांके पुस्तकोंमें नही है.

प्र. १४५—जैनके पुस्तक बहुत थोमे है, और वौधमतके पुस्तक बहुत है, इस वास्ते अधिकता है ?

उ.—संप्रति कालमें जो जैनमतके पुस्तकहै वे सर्व किसी जैनीनेभी नही देखेहै, तो यूरोपी-यन विद्वान कहांसे देखे; क्योंकि पाटन और जेसलमेरमें ऐसे गुप्त भंडार पुस्तकोंके है कि वे किसी इंग्रेजनेभी नही देखे है, तो फेर पूर्वोक्त अनुमान कैसें सत्य होवे.

प्र. १४६—जैनमतके पुस्तक जो जैनी रखते है सो किसीकों दिखाते नही है, इसका क्या कारण है ?

उ.—कारणतो हमकों यह मालुम होताहै कि मुसलमानोंकी अमलदारीमें मुसलमानोने बहुत जैनमतोपरि जुल्म गुजारा था, तिसमें सैंकडो जैनमतके पुस्तकोंके भंडार बाल दीये थे, और हजारो जैनमतके मंदिर तोडके मसजिदे बनवा दीनी थी. कुतब दिल्ली अजमेर जुनागढके

किलेमें प्रन्नास पाटणमें रांदेर, न्नरूचमें इत्यादि बहुत स्थानोमें जैनमंदिर तोमके मसजिदो बनवाइ हुइ खमी है, तिस दिनके मरे हुए जैनि किसीकोन्नी अपने पुस्तक नही दिखाते है, और गुप्त न्नंमारोंमे बंध करके रख गेमेहै.

प्र, १४७–इस कालमे जो जैनी अपने पुस्तक किसीकों नही दिखातेहै, यह काम अछा है वा नही ?

उ.–जो जैनी लोक अपने पुस्तक बहुत यत्नसें रखतेहै यहतो बहुत अछा काम करते है, परंतु जैसलमेरमें जो न्नंमारके आगे पथ्थरकी न्नीत चिनके न्नंमार बंध कर गेमा है, और कोइ उसकी खबर नही लेता है, क्या जाने वे पुस्तक मट्टी हो गयेहैके शेप कुछ रह गयेहै, इस हेतुसें तो हम इस कालके जैन मतीयोंको बहुत

नालायक समझते है.

प्र. १४८—क्या जैनी लोकोंके पास धन नहीहै, जिससें वे लोक अपने मतके अति उत्तम पुस्तकोंका उद्धार नही करवाते है ?

उ.—धनतो बहुतहै, परंतु जैनी लोकोंकी दो इंद्रिय बहुत जबरदस्त हो गइहै, इस वास्ते ज्ञान जंमारकी कोइज्ञी चिंता नही करताहै.

प्र. १४९—उ दोनो इंद्रियो कौनसी है जो ज्ञानका उद्धार नही होने देती है?

उ.—एकतो नाक और दुसरी जिव्हा, कयोकि नाकके वास्ते अर्थात् अपनी नामदारीके वास्ते लाखों रूपइये लगाके जिन मंदिर बनवाने चले जातेहै, और जिव्हाके वास्ते खानेमे लाखो रूपइये खरच करतेहै, चूरमेआदिकके लडुयोकी खबर लीये जातेहै, परंतु जीर्णजंडारके उद्धार

करणेकी वाततो क्या जाने, स्वप्नमेंभी करते हो- वेंगेके नही.

प्र. १५०–क्या जिन मंदिर और साहम्मि वछल करनेमें पापहै, जो आप निषेध करतेहो?

उ.–जिन मंदिर वनवानेका और साह- म्मिवछल करनेका फलतो स्वर्ग और मोक्षकाहै, परंतु जिनेश्वर देवनेतो ऐसे कहाकि जो धर्मक्षेत्र विगमता होवे तिसकी सार संभाल पहिले कर- नी चाहिये; इस वास्ते इस कालमें ज्ञान भंमार विगमताहै. पहिले तिसका उद्धार करना चाहिये. जिन मंदिरतो फेरभी वन शकतेहै, परंतु जेकर पुस्तक जाते रहेगे तो फेर कोन वना सकेगा.

प्र. १५१–जिन मंदिर वनवाना और सा- हम्मिवछल करना, किस रीतका करनां चाहिये?

उ.–जिस गामके लोक धनहीन होवें, जिन

मंदिर न बना सकें, और जिन मार्गके नक्त होवे, तिस जगे आवश्य जिन मंदिर करानां चाहिये, और श्रावकका पुत्र धनहीन होवे तिसकों किसी का रोजगारमें लगाके तिसके कुटुंबका पोषणहोवे ऐसे करे, तथा जिस काममें सीदाता होवे तिसमे मदत करे. यह साहम्मिवछलहै, परंतु यह न समऊनांके हम किसी जगे जिन मंदिर बनानेकों आर बनिये लोकोंके जिमावने रूप साहम्मिवछलका निषेध करतेहै, परंतु नामदारीके वास्ते जिन मंदिर बनवानेमें अल्प फल कहते है, और इस गामके बनीयोने उस गामके वनियोंकों जिमाया और उस गामवालोंने इस गामके बनियोंकों जिमाया, परंतु साहम्मिकों साहाय्य करनेकी बुद्धिसें नही, तिसकों हम साहम्मिवछल नही मानते है, किंतु गधे खुरकनी मानते है.

प्र. १५९–जैनमततो तुमारे कहनेसें हमको वहुत उत्तम मालुम होताहै, तो फेर यह मत्त वहुत क्यो नही फैलाहै ?

उ.–जैनमतके कायदे ऐसे कठिन है कितिन उपर अल्प सत्ववाले जिव वहुत नही चल सक्तेहै. गृहस्थका धर्म और साधुका धर्म वहुत नियमोंसें नियंत्रितहै, और जैनमतका तत्व तो वहुत जैन लोकभी नही जान सक्तेहै, तो अन्य मतवालोंको तो वहुतही समझना कठिनहै, बौद्ध मतके गोविंदआचार्यनें भरुचमें जैनाचार्यसे चरचामें हार खाइ, पीछे जैनके तत्व जानने वास्ते कपटसें जैनकी दीक्षा लीनी. कितनेक जैनमतके शास्त्र पढके फेर बौद्ध वन गया, फेर जैनाचार्यो के साथ जैनमतके खंडन करनेमें कमर बांधके चरचा करी, फेरभी हारा, फेर जैनकी दीक्षा

			सर्व वस्तु स्वरूप करके अ स्तिरूप है और पररू करके नास्तिरूप है ऐस कथन है
ज्ञान प्र वाद पूर्व ५	एक करोड पद १००००००० एक पद न्यून	१६ हाथी प्रमाण.	पाचो ज्ञान मति आदि तिनका महा बिस्तारसें कथन है
सत्य प्र वाद पूर्व ६	एक करोड पद १००००००० छ पद अधिक	३२ हाथी प्रमाण	सत्य सयम वचन इन ती नोका बिस्तारसें कथन है
आत्मप्र- वादपूर्व ७	छव्वीस करोड पद. २६०००००००	६४ हाथी प्रमाण.	आत्मा जीव तिसका सा- तसौं ७०० नयके मतोंसें स्वरूप कथन करा है
कर्म्म प्र वाद पूर्व ८	एक करोड अ स्सी हजार १००८००००	१२८ हाथी प्रमाण.	ज्ञानावरणीयादि अष्ट कर्मका प्रकृति स्थिति अनुभावप्रदेश दिसें स्वरूपका कथनकराहै
प्रत्या ख्यान प्रवाद	चोराशी लाख पद. ८४०००००	२५६ हाथी प्रमाण.	प्रत्याख्यान त्यागने यो- ग्य वस्तुयोका और त्या गका बिस्तारसें कथन क-

१			रा है
विद्यानुवादपूर्व १०	एक क्रोड दश लाख पद ११००००००	५१२ हाथी प्रमाण.	अनेक अतिशयवंत चमत्कार करनेवाली अनेक विद्यायोंका कथन है,
अवध्य पूर्व ११	छव्वीस करोड पद. २६००००००	१०२४ हाथी प्रमाण	जिसमें ज्ञान, तप, संयमादिका शुभ फल और सर्व प्रमादादि पापोंका अशुभ फल कथन करा है.
प्राणायु पूर्व १२	एक करोड पंचाश लाख पद १५००००००	२०४८ हाथी प्रमाण	पाच इंद्रिय और मनबल, वचनबल, कायाबल, और उच्छ्वास निःश्वास और आयु इन दशो प्राणाका जहा विस्तारसें स्वरूप कथन करा है.
क्रिया विशाल पूर्व १३	नव करोड पद ९००००००	४०९६ हाथी प्रमाण शाहीसें लिखा जावे	जिसमें कायक्यादि क्रिया वा संयमाक्रिया छंदक्रियादि क्रियायोंका कथन है.

मुसल्मान मत ९	मह म्मद	एक ईश्वर	अनेक	पाठक	फकीर
शकर मत १०.	शकर	एक ब्रह्म	आनंदगिरी आदि	शंकरभाष्यादि पाठक	गिरिपुरि भारती आदि
रामानुज मत ११	रामानुज	एक ईश्वर रामचंद्र	अनेक	रामानुज मत पाठक	साधु वैश्नव
वलभ मत १२	वल्लभाचार्य	एक ईश्वर कृष्ण	अनेक	वल्लभ मत पाठक	तिस मतके साधु नहि.
कवीरमत १३.	कवीर	एक ईश्वर	अनेक	तन्मत पाठक	गृहस्थ वा साधु
नानक मत १४.	नानक	एक ईश्वर	अनेक	ग्रंथ पाठक	उदासी साधु
दादूमत १५	दादू	एक ईश्वर	सुंदर दासादि	तत् [illegible]	[illegible]
गोरख मत १६.	गोरख	एक ई[illegible]		तत् [illegible]	

स्वामीनारायण १७	सामी नारायण	एकईश्वर	स्त्री और परिग्रह धारी	तत् ग्रंथ पाठक	रंगे वस्त्रवाले धोले वस्त्रवाले
दयानदमत १८	दयानद	एक ईश्वर	अस्ति	तन्मतं पाठक	साधु

इत्यादि इस तरे मतधारीयोने पच परमेष्टीकी जगे पांच २ वस्तु कल्पना करी है, इस वास्ते पंच परमेष्टीके विना अन्य कोइ सृष्टिका कर्त्ता सर्वज्ञ वीतराग ईश्वर नही है, नि.केवल लोकांको अज्ञान भ्रमसें सृष्टिकर्त्ताकी कल्पना उत्पन्न होती है, पूर्व पक्ष कोइ प्रश्न करे के जेकर सर्वज्ञ वीतराग ईश्वर जगतका कर्त्ता नहीहै, तो यह जगत अपने आप कैसे उत्पन हुआ, क्योंकि हम देखतेहै कर्त्ताके विना कुछभी उत्पन्न नही होता है, जैसें घटीयालादि वस्तु. तिसका

उत्तर-हे परीक्षको ! तुमको हमारा अभिप्राय यथार्थ मालुम पमता नही है, इस वास्ते तुम कर्त्ता ईश्वर कहतेहो, जो इस जगतमें बनाइ हुइ वस्तुहै, तिसका कर्त्ता तो हमभी मानतेहै, जैसें घट, पट, शराव, उदंचन, घमियाल, मकान, हाट, हवेली, संकल, जंजीरादि परंतु आकाश, काल, स्वभाव, परमाणु, जीव इत्यादि वस्तुयां किसीकी रची हुइ नही है, क्योंकि सब विद्वानोका यह मतहैके जो वस्तु कार्यरूप उत्पन्न होती है तिसका उपादान कारण अवस्य होनां चाहिये. विना उपादानके कदापि कायकी उत्पत्ति नही होती है, जो कोइ विना उपादान कारणके वस्तुकी उत्पत्ति मानता है, सो मूर्ख, प्रमाणका स्वरूप नही जानता है; तिसका कथन कोइ महा मूढ मानेगा, इस वास्ते आकाश १ आत्मा २

काल ३ परमाणु ४ इनका उपादान कारण कोइ नही है, इस वास्ते यें चारो वस्तु अनादि है. इनका कोइ रचनेवाला नही है, इस्सें जो यह कहता है कि सर्व वस्तुयों ईश्वरने रचीहै सो मिथ्याहै, अब शेष वस्तु पृथ्वी १ पानी २ अग्नी ३ पवन ४ वनस्पति ५ चलने फिरने वाले जीव रहे है, तथा पृथ्वीका भेद नरक, स्वर्ग, सूर्य, चंद्र, ग्रह, नक्षत्र, तारादि है, ये सर्व जड चैतन्यके उपादानसे बने है, जे जीव और जड परमाणुओंके संयोगसें वस्तु बनीहै, वे ऊपर पृथ्वी आदि लिख आयेहै, ये पृथ्वी आदि वस्तु प्रवाहसें अनादि नित्यहै, और पर्याय रूप करके अनित्यहै, और यें जड चैतन्य अनंत स्वाभाविक शक्तिवाले है, वे अनंत शक्तियां अपने २ कालादि निमित्तांके मिलनेसें प्रगट होतीहै, और इस ज-

गतमें जो रचना पिछे हूइहै, और जो हो रहीहै, और जो होवेगी, सर्व पांच निमित्त उपादान कारणोंसें होतीहै, वे कारण येहहै, काल १ स्वभाव २ नियति ३ कर्म ४ उद्यम ५; इन पांचोके सिवाय अन्य कोइ इस जगतका कर्त्ता और नियंता ईश्वर किसी प्रमाणसें सिद्द नही होताहै, तिसकी सिद्धीका खंम्न पूर्वे पहिले सव लिख आइहै, जैसे एक वीजमें अनत शक्तियांहै,वृक्षमे जितने रंग विरंगे मूल १ कंद २ स्कंध ३ त्वचा ४ शाखा ५ प्रवाल ६ पत्र ७ पुष्प ८ फल ९ वीज १० प्रमुख विचित्र रचना मालुम होतीहै, सो सर्व बीजमें शक्ति रूपसें रहतीहै, जब कोइ वीजको जालके भस्म करे तव तिस विजके परमाणुयोमें पूर्वोक्त सर्व शक्तियां रहतीहै, परंतु विना निमित्तके एकभी शक्ति प्रगट नही होतीहै,

जेकर बीजमें शक्तियां न मानीये तबतो गेहूंके बीजसें आंब और बंबुल मनुष्य, पशु, पक्षी आदिभी उत्पन्न होने चाहिये. इस वास्ते सर्व वस्तुयोंमे अपनी२ अनंत शक्तियांहै. जैसा २ निमित्त मिलताहै तैसी २ शक्ति वस्तुमें प्रगट होतीहै, जैसें बीज कोठिमें पड़ाहै तिसमें वृक्षके सर्व अवयवोंके होनेकी शक्तियांहै, परंतु बीजके काल विना अंकुर नही हो शक्ताहै; कालतो वृष्टी रुतुकाहै, परंतु भूमि और जलके संयोग विना अंकुर नही हो शक्ताहै, काल भूमि जलतो मिलेहै परंतु विना स्वभावके कक्कर बोवेतो अंकुर नही होवेहै. बीजका स्वभाव १ काल २ भूमि ३ जलादितो मिलेहै, परंतु बीजमें जो तथा तथा भवन अर्थात् होनेवाली अनादि नियतिके विना बीजतैसा लंबा चौड़ा अंकुर निर्विघ्नसें नही दे

जीव असंख उत्पन्न होतेहै, और पुर्वले नाश होतेहै. तिन असंख जीवांके शरीर मिलने और विंछुरनेसे पृथ्वी तैसीही रहेगी. जैसे नदीका पाणी अगला २ चला जाता है; और नवीन नवीन आनेसे नदी वैसीही रहती है, इस वास्ते घटरूपकार्य समान पृथ्वी नही है, इस वास्ते पृथ्वी सदाही रहेगी और तिसके उपर जो रचना है; सो पुर्वोक्त पांच कारणोसें सदा होती रहेगी. इस वास्ते पृथ्वी अनादि अनंत काल तक रहगी, इस वास्ते पृथ्वीका कर्त्ता ईश्वर नही है, और जो कितनेक लोकें जीव मनुष्य १ पशु २ पृथ्वी ३, पवन ४, वनस्पतिकों तथा चंद्र, सूर्यकों देखके और मनुष्य पशुयोके शरीरकी हड्डीयांकी रचना आंखके पडदे खोपरीके टुकडे नशा जालादि शरीरोंकी विचित्र रचना देखके हेरान होतेहै, जब कुछ

आगा पीछा नही सूजताहै, तब हार कर यह कह देतेहै, यह रचना ईश्वरके विना कौन कर सक्ता है; इस वास्ते ईश्वर कर्त्ता २ पुकारते है; परंतु जगत कर्त्ता माननेसें ईश्वरका सत्यानाश कर देते है, सो नही देखतेहै. काणी हथनी एक पासेकी ही वेलमीयां खातिहै, परंतु हे भोले जीव जेकर तेने अष्ट कर्मके १४८ एकसौ अम्तालीस भेद जाने होते, तो अपने विचारे ईश्वरकों काहेको जगत कर्त्ता रूप कलंक देके, तिसके ईश्वरत्वकी हानी करता. क्योंकि जो जो कल्पना भोले लोकोमे ईश्वरमें करी है सो सो सर्व कर्मद्वारा सिद्ध होती है, तिन कर्मोंका स्वरूप संक्षेप मात्र यहां लिखते है, जैकर विषेश करके कर्म स्वरुप जाननेकी इछा होवे तदा षटकर्म ग्रंथ १ कर्म प्रकृति प्राकृत २ पंचसंग्रह ३ शतक ४ प्रमुख ग्रंथ

ज्ञानावरणीय १ दर्शनावरणीय २ वेदनीय ३ मोहनीय ४ आयु ५ नाम ६ गोत्र ७ अंतराय ८ इनमेसे प्रथम ज्ञानावरणीयके पांच भेदहै; मतिज्ञानावरणीय १ श्रुतज्ञानावरणीय २ अवधिज्ञानावरणीय ३ मनःपर्यायज्ञानावरणीय ४ केवलज्ञानावरणीय ५. तहां पांच इंद्रिय और छठा मन इन छहो द्वारा जो ज्ञान उत्पन्न होवे तिसका नाम मतिज्ञान है. तिस मतिज्ञानके तीनसौ छत्तीस ३३६ भेदहै. वे सर्व कर्मग्रंथकी वृत्तिसें जानने. तिन सर्व ३३६ भेदांका आवरण करनेवाला मतिज्ञानावरण कर्मका भेदहै, जिस जीवके आवरण पतला हुआहै तिस जीवकी बहुत बुद्धि निर्मलहै; जैसें जैसे आवरणके पतलेपणेकी तारतम्यताहै तैसें तैसें जीवांमे बुद्धिकी तारतम्यताहै. यद्यपि मतिज्ञान मतिज्ञानावरणके क्षयोप

शमसें होताहै तोन्नी तिस क्षयोपशमके निमित्त मस्तक, शिर, विशाल मस्तकमे न्नेजा, चरबी, घीकास, मांस, रुधिर, निरोग्य हृदय, दिल निरुपद्रव, और सूंठ, ब्राह्मी वच, घृत, दूध, साकर, प्रमुख अछी वस्तुका खानपानादिसें अधिक अधिकतर मतिज्ञानावरणके क्षायोपशमके निमित्त है; और शील संतोष महा व्रतादि करणी, और पठन करानेवाला विद्यावान् गुरू, और देश काल श्रद्धा, उत्साह परिश्रमादि ये सर्व मतिज्ञानावरणके क्षयोपशमं होनेके कारणहै. जैसें जैसें जीवांकों कारण मिलतेहै तैसी तैसी जीवांकी बुद्धि होतीहै इत्यादि विचित्र प्रकारसें मतिज्ञानावरणीका न्नेदहै. इति मतिज्ञानावरणी १. दूसरा श्रुतज्ञानावरण श्रुतज्ञानका आवरण श्रुतज्ञान, तिसकों कहतेहै, जो गुरूपासे सुनके ज्ञान होवे

और जिसके बलसें अन्य जीवांकों कथन करा जावे, तिसके निमित्त पूर्वोक्त मतिज्ञानवाले जानने, क्योंके ये दोनो ज्ञान एक साथही उत्पन्न होतेहै, परंतु इतना विशेश है; मतिज्ञान वर्त्तमान विषयिक होता है. और श्रुतज्ञान त्रिकाल विषय होताहै; श्रुतज्ञानके चौदह १४ तथा वीस भेद २० है, तिनका स्वरुप कर्मग्रंथसें जानना. पठन पाठनादि जो अक्षरमय वस्तुका ज्ञान है, सो सर्व श्रुतज्ञान है; तिसका आवरण आछादन जो है, जिसकी तारतम्यतासें श्रुतज्ञान जीवांको विचित्र प्रकारका होताहै, तिसका नाम श्रुतज्ञानावरणीय है. इसकै क्षायोपशमके वेही निमित्तहै, जौनसें मतिज्ञानके है; इति श्रुतज्ञानावरण २. तीसरा अवधिज्ञानका आवरण अवधिज्ञानावरणीय ३. ऐसेंही मनःपर्यायज्ञानावरण ४. केवलज्ञानावरण

५, इन पांचो ज्ञानोमेंसें पिछले तीन ज्ञान इस कालके जीवांकों नहीहै; सामग्री और साधनके अभावसें. इस वास्ते इनका स्वरूप नंदी आदी सिद्धांतोसे जानना ये पांच भेद ज्ञानावरण कर्म केहै. यह ज्ञानावरणकर्म जिस कर्त्तव्योंसें बांधता है, अर्थात् उत्पन्न करके अपने पाचो ज्ञान शक्ति-यांका आवरण कर्त्ता है सो येहहै, मति, श्रुत प्र मुख पांच ज्ञानकी १ तथा ज्ञानवंतकी २ तथा ज्ञानोपकरण पुस्तकादिकी ३ प्रत्यनी कता अर्थात् अनिष्टपणा, प्रतिकूलपणा करे, जैसें ज्ञान और ज्ञानवंतका बुरा होवे तैसें करे; १ जिस पासों पढा होवे तिस गुरुका नाम न बतावे, तथा जानी हूइ वस्तुको अजानी कहे २; ज्ञानवंत तथा ज्ञा-नोपकरणका अग्निशस्त्रादिकसें नाश करे ३; तथा ज्ञानवंत ऊपर तथा ज्ञानोपकरण ऊपर प्रद्वेष अं-

य १. नेत्र वर्जके शेष चारो इंद्रियोंको अचक्षु द र्शन कहते है, तिनके सुनने, सूंघने, रस लेने, स्पर्श पिछाननेका जो सामान्य ज्ञानहै सो अचक्षु दर्शनहै; चारो इंद्रियोंकी शक्तिका आछादन करने- वाला जो कर्म है तिसको अचक्षु दर्शन कहते है, इसके क्षयोपशम होनेमे अंतरंग वहिरंग विचित्र प्रकारके निमित्तहै. तिन निमित्तोंद्वारा इस कर्म- का क्षय उपशम जैसा जैसा जीवांके होता है तैसी तैसी जीवोंकी चार इंद्रियकी स्व स्व विष- यमे शक्ति प्रगट होती है, इति अचक्षुदर्शनावर- णी २. अवधि दर्शनावरणीय और केवलदर्शना वरणीयका स्वरूप शास्त्रसें देख लेनां; क्योंकि सामग्रीके अन्नावसे ये दोनो दर्शन इस कालक्षे- त्रके जीवांको नही है, एवं दर्शनावरणीयके चार ज्ञेद हुए ४. पांचमा ज्ञेद निद्रा जिसके उदयसें

सुखें जागे सो निद्रा १ जो बहुत हलाने चलानेसें जागे सो निद्रा निद्रा २ जो बैठेकों नींद आवे सो प्रचला ३ जो चलतेकों आवे सो प्रचला प्रचला ४ जो नींदमें उठके अनेक काम करे नींदमे शरीरमे बल बहुत होवे है, तिसका नाम स्त्यानर्द्धी निद्राहै ५ पांच इन्द्रियोंके ज्ञानमे हानि करती है, इस वास्ते दर्शनावरणीयकी प्रकृति है, एवं ए भेद दर्शनावरणीय कर्मके हुए, इस कर्मके बांधनेके हेतु ज्ञानावरणीयकी तरे जानने, परं ज्ञानकी जगे दर्शन पद कहना, दर्शन चक्षु अचक्षु आदि, दर्शनी साधु आदि जीव, तिनकी पांच इंद्रियाका बुरा चिंते, नाश करे अथवा सम्मति तत्वार्थ द्वादशार नयचक्रवाल तर्कादि दर्शन प्रभावक शास्त्रके पुस्तक तिनका प्रत्यनीकपणादि करेतो दर्शनावरणीय कर्मका बंध करे,

इति दुसरा कर्म २.

अथ तीसरा वेदनीय कम तिसकी दो प्रकृतिहै; साता वेदनीय १ असाता वेदनिय २ साता वेदनीयसे शरीरको अपने निमित्तद्वारा सुख होताहै, और असाता वेदनीयके उदयसे दुःख प्राप्त होता है. एव दो भेदोके बांधनेके कारण प्रथम साता वेदनीयके बंध करणेके कारण गुरु अर्थात् अपने माता पिता धर्माचार्य इनकी भक्ति सेवा करे १ क्षमा अपने सामर्थके हुए दुसरायोंका अपराध सहन करना २ परजीवांको दुखी देखके तिनके दुःख मेटनेकी वांछा करे ३ पंचमहाव्रत अनुव्रत निर्दूषण पाले ४ दश विध चक्रवाल समाचारी संयम योग पालनेसें ५ क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति अरति, शोक, भय, जुगुप्सा इनके उदय आया इनको निष्फल करे ६ सूपात्र

दान, अन्नय दान, देता सर्व जीवां उपर उपकार करे; सर्व जीवांका हित चिंतन करे ७ धर्ममे स्थिर रहे, मरणांत कष्टकेन्नी आये, धर्मसे चलायमान न होवे, बाल वृद्ध रोगीकी वैयावृत्त करतां धर्ममे प्रवर्त्ततां सहाय करे, चैत्य जिन प्रतिमाकी अठी न्नक्ति करतां सराग संयम पाले; देशव्रतीपणा पाले, अकाम निर्जरा अज्ञान तप करें, सौच्य सत्यादि सुंदर अंतःकरणकी वृत्ति प्रवर्त्तावे तो साता वेदनीय कर्म बांधे, इति साता वेदनीयके बंध हेतु कहे १ इनसें विपर्यय प्रवर्त्ते तो असाता वेदनीय बांधे २ इति वेदनीय कर्म स्वरुप ३

अथ चोथा मोहनीय कर्म तिसके अठावीस न्नेद है, अनंतानुबंधी क्रोध १ मान २ माया ३ लोन्न ४, अप्रत्याख्यान क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोन्न ८, प्रत्याख्यानावरण क्रोध ए मान १० माया

११ लोभ १२, संज्वलका क्रोध १३ मान १४ माया १५ लोभ; १६ हास्य १७ रति १८ अरति १९शोक २० भय २१ जुगुप्सा २२ स्त्रीवेद २३ पुरुषवेद २४ नपुंसकवेद २५ सम्यक्त मोहनीय २६ मिश्र मोहनीय २७ मिथ्यात्व मोहनीय २८ अथ इनका स्वरूप लिखतेहै; प्रथम अनंतानुबंधी क्रोध मान माया लोभ जां तक जीवे तां तक रहे; हटे नही तिनमेंसें अनंतानुबंधी क्रोध तो ऐसाकि जाव जीव सुधी क्रोध न छोडे, अपराधी कितनी आधीनगी करे तोभी क्रोध न छोडे,यह क्रोध ऐसाहै जैसे पर्वतका फटना फेर कदापि न मिले, मान पथ्थरके स्तंभ समान किंचित मात्रभी ननमे, माया कठिन वांसकी जड समान सूधी न होवे, लोभ कर्मिके रंग समान फेर उतरे नही, ये चारो जिसके उदयमे होवे सो जीव मरके न-

रकमें जाता हे; और इस कषायके उदयमें जी-
वांकों सच्चे देवगुरू धर्मकी श्रद्धारूप सम्यक्त नही
होता है, ४ दूसरा अप्रत्याख्यान कषाय तिसकी
स्थिति एक वर्षकी है एक वर्ष तक क्रोध मान
माया लोभ रहे तिनमे क्रोधका स्वरूप पृथ्वीके
रेखा फाटने समान वडे यतनसें मिले, मान हा-
डकें स्तंभे समान मुश्केलसें नमे, माया मिंढेके
सींगके वल समान सिधा कठनतासें होवे, लोभ
नगरकी मोरीके कीचडके दाग समान, इस क-
षायके उदयसे देश वृतीपणा न आवे और मरके
पशु तीर्यंचकी गतिमे जावे ८ तीसरी प्रत्याख्या
नावरण कषाय तिसकी स्तिथि चार मासकी है.
क्रोध वालुकी रेखा समान, मान काष्टके स्तंभे
समान, माया वैलके मूत्र समान वांकी, लोभ
गाडीके खंजन समान, इसके उदयसे शुद्धसाधु

नही होता है ऐसा कषायवाला मरके मनुष्य होताहै १२ चौथी संज्वलनकी कषाय, तिसकी स्थिति एक पक्षकी. क्रोध पाणीकी लकीर समान, मान वांसकी शींखके स्तंभे समान, माया, वांसकी छिल्लक समान, लोभ हलदीके रंग समान, इसके उदयसे वीतराग अवस्था नही होती है. इस कषाइवाला जीव मरके स्वर्गमें जाताहै १६ जिसके उदयसें हासी आवे सो हास्य प्रकृति १७ जिसके उदयसे चित्तमे निमित्त निर्निमित्तसें रति अंतरमें खुशी होवे सो रति १८ जिसके उदयसें चित्तमें सनिमित्त निर्निमित्तसें दिलगीरी उदासी उत्पन्न होवें सो अरति प्रकृति १९ जिसके उदयसें इष्ट विजोगादिसें चित्तमें उद्वेग उत्पन्न होवे सो शोक मोहनीय प्रकृति २० जिसके उदयसे सात प्रकारका भय उत्पन्न होवे सो भय

मोहनीय २१ जिसके उदयसे मलीन वस्तु देखी सूग उपजे सो, जुगुप्सा मोहनीय २२ जिसके उदयसें स्त्रीके साथ विषय सेवन करनेकी इच्छा उत्पन्न होवे, सो पुरुषवेद मोहनीय २३ जिसके उदयसें पुरुषके साथ विषय सेवनेकी इच्छा उत्पन्न होवे, सो स्त्री वेद मोहनीय २४ जिसके उदयसें स्त्रीपुरुष दोनोंके साथ विषय सेवनेकी अभिला-षा उत्पन्न होवे, सो नपुंसकवेद मोहनीय. २५ जिसके उदयसे शुद्ध देव गुरु, धर्मकी श्रद्धा न होवे सो मिथ्यात्व मोहनीय २६ जिसके उदयसें शुद्ध देव गुरु धर्म अर्थात् जैनमतके ऊपर राग-भी न होवे और द्वेषभी न होवे, अन्य मतकीभी श्रद्धा न होवे सो मिश्र मोहनीय २७ जिसके उ-दयसें शुद्ध देव गुरु धर्मकी श्रद्धातो होवे परंतु सम्यक्तमें अतिचार लगावे सो सम्यक्त मोहनीय

२८ इन २८. प्रकृतियोमें आदिकी २५ पच्चीस प्रकृतिको चारित्र मोहनीय कहते है, और ऊपली तीन प्रकृतियोंकों दर्शनमोहनीय कहते है एवं २८ प्रकृतिरुप मोहनीय कर्म चौथा है, अथ मोहनीय कर्मके बंध होनेके हेतु लिखते है. प्रथम मिथ्यात्व मोहनीयके बंध हेतु उन्मार्ग अर्थात् जे संसारके हेतु हिंसादिक आश्रव पापकर्म तिनकों मोक्ष हेतु कहे तथा एकांत नयसे निः केवल क्रिया कष्टानुष्ठानसें मोक्ष प्ररूपे तथा एकांत नयसें निःकेवल ज्ञान मात्रसे मोक्ष कहे ऐसेही एकले विनयादिकसे मोक्ष कहे १ मार्ग अर्थात् अर्हत भाषित सम्यग् दर्शन ज्ञान चारित्ररूप मोक्ष मार्ग तिसमे प्रवर्त्तनेवाले जीवकों कुहेतु, कुयुक्ति, करके पूर्वोक्त मार्गमे भ्रष्ट करे २ देवद्रव्य ज्ञान द्रव्यादिक तिनमें जो भगवानके मंदिर प्रतिमादि

के काम आवे काष्ट, पाषाण, मृत्तीकादिक तथा तिस देहरादिके निमित्त करा हुआ रूपा, सोनादि धन तिसका हरण करे; देहराकी भूमि प्रमुखकों अपनी कर लेवे, देवकी वस्तुसे व्यापार करके अपनी आजीवीका करे तथा देवद्रव्यका नाश करे, शक्तिके हुए देवद्रव्यके नाश करनेवालेको हटावे नही, ये पुर्वोक्त काम करनेवाला मिथ्यादृष्टि होताहै, सो मिथ्यात्व मोहनीय कर्मका बंध करता है; तथा दूसरा हेतु तीर्थंकर केवलीके अवर्णवाद बोले, निंदा करे, तथा भले साधुकी तथा जिन प्रतिमाकी निंदा करे, तथा चतुर्विध संघ साधु साधवी श्रावक श्राविकाका समुदाय तिसकी श्रुतज्ञानकी निंदा अवज्ञाहीलना करता हुआ, और जिन शासनका उड्डाह करता हुआ अयश करता कराता हुआ निकाचित महा मिथ्यात्व

मोहनीय कर्म बांधे. इति दर्शन मोहनीयके बंध हेतु. ॥ अथ चारित्रमोहनीय कर्मके बंध हेतु लिखते है. चारित्र मोहनीय कर्म दो प्रकारका है, कषाय चारित्र मोहनीय १. नोकषाय चारित्र मोहनीय २. तिनमेंसें कषाय चारित्र मोहनीयके १६ सोलां भेदहे, तिनके बंध हेतु लिखते है. अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभमे प्रवर्ते तो सोलाही प्रकारका कषाय मोहनीय कर्म बांधे. अप्रत्याख्यानमे वर्त्ते तो ऊपल्या बांरां कषाय बांधे. प्रत्याख्यानमें प्रवर्त्ते तो ऊपल्या आठ कषाय बांधे, संज्वलनमें प्रवर्त्ते तो चार संज्वलनका कषाय बांधे. इति कषाय चारित्र मोहनीयके बंध हेतु. नोकषाय हास्यादि तिनके बंधहेतु यह है, प्रथम हास्य हांसी करे, भांड कुचेष्टा करे, बहुत बोले तो हास्य मोहनीय कर्म बांधे १ देश देखनेके र-

ससें, विचित्र क्रीमाके रससें, अति वाचाल होनेसें, कामण मोहन टूणा वगेरे करे; कुतुहल करे तो रति मोहनीय कर्म बांधे २ राज्य न्नेद करे, नवीन राजा स्थापन करे परस्पर लमाइ करावे, दूसरायोंकों अरति उच्चाट उत्पन करे, अशुन्न काम करने करानेमें उत्साह करे, और शुन्न कामके उत्साहकों न्नाजे, निष्कारण आर्त्तध्यान करे तो अरति मोहनीय कर्म बांधे ३. परजीवांकों त्रास देवे तो, निदर्य परिणामी न्नय मोहनीय कर्म बाधे ४. परको शोक चिंता संताप उपजावे तपावे तो शोक मोहनीय कर्म बांधे ५ धर्मी साधु जनोंकी निंदा करे साधुका मलमलीनगात्र देखी निंद्रा करे तो जुगुप्सा मोहनीय कर्म बांधे ६, शव्द, रुप, रस, गंध, स्पर्सरूप मनगती विषयमें अत्यंताशक्त होवे डुसरेकी इर्षा करे, माया

मृषा सेवे, कुटिल परिणामी होवे, पर स्त्रीसें भोग करै तो जीव स्त्रीवेद मोहनीय कर्म बांधे ७ सरल होवे, अपनी स्त्रीस उपरांत संतोषी होवे, इर्षा रहित मंद कषायवाला जीव पुरुषवेद बांधे ८ तीव्र कषायवाला, दर्शन उसरे मतवालोंका शील भंग करे, तीव्र विषयी होवे, पशुको घात करे, मिथ्यादृष्ठी जीव नपुंसकवेद बांधे ए. संयमीके उपण दिखावे, असाधुके गुण बोले, कषायकी उदीरणा करता हुआ जीव चारित्र मोहनीय कर्म समुच्चय बांधे, इति मोहनिय कर्म बंध हेतु. यह मोहनीय कर्म मदीराके नशेकी तरें अपने स्वरूपसे भ्रष्ठ कर देताहै. इति मोहनीय कर्मका स्वरूप संक्षेप मात्र पुरा हुआ ४

अथ पांचमा आयुकर्म, तिसकी चारप्रकृति जिनके उदयसें नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३

देव ४ जवसे खैंचा हुआ जीव जावे है, जैसें चमकपाषाण लोहकों आकर्षण करता है, तिसका नाम आयुकर्म. नरकायु १ तिर्यंचायु २ मनुष्यायु ३ देवायु ४ प्रथम नरकायुके बंध हेतु कहतेहै. महारंज चक्रवर्ती प्रमुखकी रुद्धि जोगनेमें महा मूर्छा परिग्रह सहित, व्रत रहित अनंतानुबंधी कषायोदयवान् पंचेंद्रिय जीवकी हिंसा निशंक होकर करे, मदिरा पीवे, मांस खावे, चौरी करे, जूया खेले, परस्त्री और वेस्या गमन करे; शिकार मारे, कृतघ्नी होवे, विश्वासघाती, मित्र द्रोही, उत्सूत्र प्ररूपे, मिथ्यामतकी महिमा वढावे, कृश्न नील, कापोत लेश्यासें अशुज परिणामवाला जीव नरकायु वाधे १ तिर्यंचकी आयुके बंध हेतु यह है. गूढ हृदयवाला, अर्थात् जिसके कपटकी किसीको खबर न पडे, धूर्त होवे, मुखसें मीठा वोले,

मृषा सेवे, कुटिल परिणामी होवे, पर स्त्रीसें भोग करै तो जीव स्त्रीवेद मोहनीय कर्म बांधे ७ सरल होवे, अपनी स्त्रीस उपरांत संतोषी होवे, इर्षा रहित मंद कषायवाला जीव पुरुषवेद बांधे८ तीव्र कषायवाला, दर्शन दुसरे मतवालोंका शील भंग करे, तीव्र विषयी होवे, पशुको घात करे, मिथ्यादृष्टी जीव नपुंसकवेद बांधे ए. संयमीके दुषण दिखावे, असाधुके गुण बोले, कषायकी उदीरणा करता हुआ जीव चारित्र मोहनीय कम समुच्चय बांधे, इति मोहनिय कर्म बंध हेतु. यह मोहनीय कर्म मदीराके नशेकी तरे अपने स्वरूपसें भ्रष्ठ कर देताहै. इति मोहनीय कर्मका स्वरुप संक्षेप मात्र पुरा हुआ ४

अथ पांचमा आयुकर्म, तिसकी चारप्रकृति जिनके उदयसें नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३

देव ४ जवसे खैंचा हुआ जीव जावे है, जैसें चमकपाषाण लोहकों आकर्षण करता है, तिसका नाम आयुकर्म. नरकायु १ तिर्यंचायु २ मनुष्यायु ३ देवायु ४ प्रथम नरकायुके बंध हेतु कहतेहै. महारंभ चक्रवर्ती प्रमुखकी ऋद्धि जोगनेमे महा मूर्छा परिग्रह सहित, व्रत रहित अनंतानुबंधी कषायोदयवान् पंचेंद्रिय जीवकी हिंसा निशंक होकर करे, मदिरा पीवे, मांस खावे, चौरी करे, जूया खेले, परस्त्री और वेस्या गमन करे, शिकार मारे, कृतघ्नी होवे, विश्वासघाती, मित्र द्रोही, उत्सूत्र प्ररूपे, मिथ्यामतकी महिमा वढावे, कृष्ण नील, कापोत लेश्यासें अशुभ परिणामवाला जीव नरकायु बांधे १ तिर्यंचकी आयुके बंध हेतु यह है. गूढ हृदयवाला, अर्थात् जिसके कपटकी किसीको खबर न पडे, धूर्त होवे, मुखसें मीठा बोले,

हृदयमें कतरणी रखे, जूठे दूषण प्रकाशे, आर्त्त-ध्यानी इस लोकके अर्थे तप क्रिया करे, अपनी पूजा महिमाके नष्ट होनेके नयसें कुकर्म करके गुरुआदिकके आगे प्रकाशे नही, जूठ बोले, कमती देवे, अधिक लेवे, गुणवानकी इर्षा करै, आर्त्तध्यानी कृश्नादि तीन मध्यम लेश्यावाला जीव तिर्यंच गतिका आयु बांधे. इति तिर्यंचायु ३ अथ मनुष्यायुके बंधहेतु मिथ्यात्व कषायका स्वन्नावही मंदोदयवाला प्रकृतिका नद्रिक धूल रेखा समान कषायोदयवाला सुपात्र कुपात्रकी परीक्षा विना विशेष यश कीर्त्तिकी वांठा रहित दान देवे, स्वन्नावे दान देनेकी तीव्र रुचि होवे, क्षमा, आर्जव, मार्दव, दया, सत्य शौचादिक मध्यम गुणामें वर्त्ते, सुसंबोध्य होवे, देव गुरुका पूजक, पूजाप्रिय कापोत लेश्याके परिणामवाला मनुष्य ति-

थैंचादि मनुष्यायु बांधे ३. अथ देव आयु अविरति सम्यगदृष्टि मनुष्य तिर्यंच देवताका आयु बांधे सुमित्रके संयोगसे धर्मकी रुचिवाला देशविरति सरागसंयमी देवायु बांधे, बालतप अर्थात् दुःख गर्भित, मोहगर्भित वैराग्य करके दुष्कर कष्ट पंचाग्नि साधन रस परित्यागसें, अनेक प्रकारका अज्ञान तप करनेसें निदान सहित अत्यंत रोष तथा अहंकारसें तप करे, असुरादि देवताका आयु बांधे तथा अकाम निर्जरा अजाणपणे नूख, तृषा, शीत, उष्ण रोगादि कष्ट सहनेसें स्त्री अन मिलते शील पाले, विषयकी प्राप्तिके अन्नावसें विषय न सेंवनसे इत्यादि अकाम निर्जरासें तथा बाल मरण अर्थात् जलमें मूब मरे, अग्निसें जल मरे, झंपापातसें मरे, शुन्न परिणाम किंचित्वाला तो व्यंतर देवताका आयु बांधे. आचार्यादिककी अ-

रीर ११ आहारिक शरीर १२ तैजस शरीर १३ कार्मण शरीर १४ ऊदारिकांगोपांग १५ वैक्रियांगोपांग १६ आहारिकांगोपांग १७ ऊदारिकबंधन १८ वैक्रिय बंधन १९ आहारिक बंधन २० तैजस बंधन ११ कार्मण बंधन २१ ऊदारिक संघातन २३ वैक्रिय संघातन २४ आहारिक संघातन २५ तैजस संघातन २६ कार्मण संघातन २७ वज्र रुषभ्न नराच संहनन २८ रुषभ्न नराच संहनन २९ नराच संहनन ३० अर्द्ध नराच संहनन ३१ कीलिका संहनन ३२ छेवर्त्त संहनन ३३ सम च तुरस्र संस्थान ३४ निग्रोध परिमंडल संस्थान ३५ सादिया संस्थान ३६ कुब्ज संस्थाम ३७ वामन संस्थान ३८ हुंडक संस्थान ३९ कृष्ण वर्ण ४० नील वर्ण ४१ रक्त वर्ण ४२ पीत वर्ण ४३ शुक्ल वर्ण ४४ सुगंध ४५ दुर्गंध ४६ तिक्त रस ४७ क-

टुक रस ४८ कषायरस४९ आम्ल रस ५० मधुर रस ५१ कर्कश स्पर्श ५२ मृडु स्पर्श ५३ हलका ५४ नारी ५५ शीत स्पर्श ५६ उश्न स्पर्श ५७ स्निग्ध स्पर्श ५८ रुक्षस्पर्श ५९ नरकानुपूर्वी ६० तिर्यंचानुपूर्वी ६१ मनुष्यानुपूर्वी ६२ देवानुपूर्वी शुन्नविहायगति ६४ अशुन्नविहायगति ६५ पराघात नाम ६६ उत्स्वास ६७ आतप ६८ उद्योत नाम ६९अगुरू लघु ७० तीर्थंकर नाम ७१ निर्माण७२ उपघात नाम ७३ त्रसनाम ७४ बादर नाम ७५ पर्याप्त नाम ७६ प्रत्येक नाम ७७ स्थिर नाम ७८ शुन्न नाम ७९ सुन्नग नाम ८० सुस्वर नाम ८१ आदेय नाभ ८२ यशकीर्ति नाम ८३स्थावर नाम सूक्ष्म नाम ८५ अपर्याप्तनाम ८६ साधारणनाम ८७ अस्थिर नाम ८८ अशुन्न नाम ८९ डुर्नग नाम ९० डुस्वर नाम ९१ अनादेय नाम ९२

अपयश नाम ९३ ये तिरानवे भेद नाम कर्मकेहै अब इनका स्वरूप लिखतेहै. गतिनाम कर्म जिस कर्मके उदयसें जीव नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३ देवताकी गति पर्याय पावें, नरकादि नाम कहनेमें आवे, और जीव मरे तब जिस गतिका गतिनामकर्म, आयुकर्म मुख्यपणे और गतिनाम कर्म सहचारी होवे है, तब जीवकों आकर्षण करके ले जातेहै, तब वो जीव तिस गति नाम और आयु कर्मके वश हुआ थका जहां उत्पन्न होना होवे तिस स्थानमें पहुचेहै. जैसें मोरेवाली सूइकों चमक पाषाण आकर्षण कर्त्ता है और सूइ चमक पाषाणकी तर्फ जाती है, मोराभी सूइके साथही जाताहै, इस तरे नरकादि गतियोंका स्थान चमक पाषाण समान है, आयु कर्म और गतिनाम कर्म लोहकी सूइ समान है, और जीव मोरे

समान है वीचमें पोया हुआहै, इस वास्ते परभ वमें जीवको आयु और गतिनाम कर्म ले जातेहै, जैसा २ गतिनाम कर्मका जीवाने बंध करा है; शुभ वा अशुभ तैसी गतिमें जीव तिस कर्मके उदयसें जा रहता है, इस वास्ते जो अज्ञानी योने कल्पना कर रखी है कि पापी जीवकों यम और धर्मी जीवकों स्वर्गके दूत मरापीछे ले जा-तेहै तथा जबराइल फिरस्ता जीवांकों ले जाता है, सो सर्व मिथ्या कल्पना है, क्योंकि जब यम और स्वर्गीय दूत फिरस्ते मरते होगे, तब तिन-कों कौन ले जाता होवेगा, और जीवतो जगतमें एक साथ अनंते मरते और जन्मते, तिन सबके लेजाने वास्ते इतने यम कहांसें आते होवेंगे और इतने फिरस्ते कहा रहते होवेंगे? और जीव इस स्थूल शरीरसें निकला पीछे किसीकेभी हाथमें

नही आताहै, इस वास्ते पूर्वोक्त कल्पना जिनोंने सर्वज्ञका शास्त्र नही सुना है तिन अज्ञानीयोंने करीहै. इस वास्ते मुख्य आयुकर्म और गतिनाम कर्मके उदयसेंही जीव परभवमें जाताहै. इति गतिनाम कर्म ४. अथ जातिनाम कर्मका स्वरुप लिखते है. जिसके उदयसें जीव पृथ्वी, पाणी अग्नि, पवन, वनस्पतिरूप एकेंद्रिय, स्पर्शेंद्रियवाले जीव उत्पन्न होतेहै. सो एकेंद्रिय जातिनाम कर्म १ जिसके उदयसें दोइंद्रियवाले कृम्यादिपणें उत्पन्न होवे, सो द्वींद्रिय जातिनाम कर्म २ एवं तीनेंद्रि कीडीआदि, चतुरिंद्रिय भ्रमरादि, पंचेंद्रिय नरक पंचेंद्रिय पशु गोमहिष्यादि मनुष्य देवतापणे उत्पन्न होवे, सो पंचेंद्रिय जातिनामकर्म एवं सर्व ए उदारिक शरीर अर्थात् एकेंद्रिय, द्वींद्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिंद्रिय, पंचेंद्रिय तिर्यंच मनु-

ष्यके शरीर पावनेकी तथा ऊदारीक शरीरपण परिणामकी शक्ति, तिसका नाम ऊदारिक शरीर नाम कर्म १० जिसकी शक्तिसें नारकी देवताका शरीर पावे, जिससें मन इछित रुप वणावे तथा वैक्रिय शरीरपणे पुद्गल परिणामनेकी शक्ति सो वैक्रिय शरीरनाम कर्म ११ एवं आहारिक लब्धि वालेके शरीरपणे परिणामावे १२ तैजस शरीर अंदर शरीरमें उश्नता, आहार पचावनेकी शक्तिरुप, सो तैजस नाम कर्म १३ जिसकी शक्तिसें कर्मवर्गणाकों अपने अपने कर्म प्रकृतिके परिणामपणे परिणामावे सो कार्मण शरीर नाम कर्म १७ दो बाहू २ दो साथल ४ पीठ५ मस्तक ६ उरुगाती उउदर पेट ७ ये आठ अंग और अंगोके साथ लगा हुआ, जैसें हाथसें लगी अंगुली साथ लसें लगा जानु, गोडा आदि इनका नाम ऊपांग

है, शेष अंगुलीके पर्व रेखा रोम नखादि प्रमुख अंगोपांगहै; जिसके उदयसें ये अंगोपांग पावे और इनपणे नवीन पुद्गल परिणमावे ऐसी जो कर्मकी शक्ति तिसका नाम उपांग नाम कर्महै. उदारीकोपांग १५ वैक्रियोपांग, १६ आहारिकोपांग. १७ इति उपांग नामकर्म ॥ पूर्वे बांध्या हुआ उदारीक शरीरादि पांच प्रकृति और इन पांचोके नवीन बंध होतेको पिछले साथ मेलकरके बंधावे जैसे राल लाखादि दो वस्तुयोंकों मिला देते है, तैसेही जो पूर्वापर कर्मका संयोग करे, सो बंधन नाम कर्म शरीरोंके समान पांच प्रकारकाहै. उदारिक बंधन वैक्रियबंधन इत्यादि एवं, २२ प्रकृति हुइ. पांच शरीरके योग्य विखरे हुइ पुद्गलांको एकठे करे, पीछे बंधन नामकर्म बंध करे, तिस, एकठे करणेवाला कर्म प्रकृतिका नाम संघातन नामक-

र्म है, सो पांच प्रकारका है, उदारिक संघातन, वैक्रिय सघातन इत्यादि एवं,२७ सत्तावीस प्रकृति हुइ, अथ उदारिक शरीरपणे जो सात धातु परिणामी है तिनमें हमकी संधिको जो दृढ करे सो संहनन नामकर्म, सो ब ६ प्रकारका है, तिनमेंसें जहा दोनो हाम दोनो पासे मर्कट बंध होवे तिसका नाम नराच है, तिन दोनों हाम्मोंके ऊपर तीसरा हाम पट्टेकी तरें जकड बंध होवे तिसका नाम ऋषन्न है, इन तीनो हाम्मके भेदनेवाली ऊपर खीली होवे तिसका नाम वज्रहै, ऐसी जिस कर्मके उदयसे हामका संधी दृढ होवे तिसका नाम वज्रऋषन्न नाराच संहनन नामकर्म है.२८ जहां दोनोहामोंके छेदमे मर्कटबंध मिले हुए होवे और उनके उपर तीसरे हाडका पट्टा होव ऐसी हाम संधी जिस कर्मके उदयसें होवे सो ऋषन्न

नाराच संहनन नामकर्म २९ जिन हाडोंका मर्क-
टबंध तो होवे परंतु पट्टा और कीली न होवे,जि-
सके उदयसें सो नाराच संहनन नामकर्म, ३०
जहां एक पासे मर्कटबंध और दूसरे पासे खीली
होवे जिस कर्मके उदयसें सो अर्द्ध नराच संहनन
नाम कर्म ३१ जैसें खीलीसें दो काष्ट जोडे होवे
तस हाडकी संधी जिस कर्मके उदयसे होवे,सो
कीलिका संहनन नाम कर्म ३२ दोनो हाडोंके छेहडे
मिले हुए होवे जिस कर्मसें सो सेवार्त्त संहनन
नामकर्म ३३ जिस कर्मके उदयसें सामुद्रिक शा-
स्त्रोक्त संपूर्ण लक्षण जिसके शरीरमें होवे तथा
चारो अंस बराबर होवे, पलाठी मारके बैठे तव
दोनों जानुका अंतर और दाहिने जानुसें वामा-
स्कंध और वामेजानुसें दाहिनास्कंध और पलाठी
पीठसें मस्तक मापता चारो मोरी बराबर होवे

और बत्तीस लक्षण संयुक्त होवे, ऐसा रुप जिस कर्मके ऊदयसे होवे तिसका नाम सम चतुरस्र संस्थान नामकर्म ३४ जैसें वड़ वृक्षका ऊपल्या भाग पुर्ण होवेहै, तैसेहै जो नाभीसें ऊपर संपुर्ण लक्षणवाला शरीर होवेऔर नाभीसें नीचे लक्षण हीन होवे, जिस कर्मके उदयसें सो निग्रोध परिमंडल संस्थान नामकर्म ३५ जिसका शरीर नाभीसें नीचे लक्षण युक्त होवे और नाभी सें उपर लक्षण रहित होवे, जिस कर्मके उदयसें सो सादिया संस्थान नामकर्म ३६ जहां हाथ पग मुख ग्रीवादिक उत्तम सुंदर होवे, और हृदय, पेट, पूठ लक्षण हीन होवे जिस कर्मके उदयसें सो कुब्ज संस्थान नामकर्म ३७ जहां हाथ पग लक्षण हीन होवे. अन्य अंग लक्षण संयुक्त अछे होवे जिस कर्मके उदयसें सो वामन संस्थान

जिस कर्मके उदयसें जीवके शरीरादि खांड, साकरादि समान रस होवे, सो मधुररस नामकर्म ५१ इति रस नाम कर्म जिसके उदयसे जीवके शरीरमे तथा शरीरके अवयव कठिन कर्कस गायकी जीभ समान होवे, सो कर्कस स्पर्श नाम कर्म ५२ जिसके उदयसें जीवका शरीर तथा शरीरके अवयव माखणकी तरे कोमल होवे. सो मृदु स्पर्श नाम कर्म ५३ जिसके उदयसें जीवका शरीर तथा अवयव अर्क तूलकी तरें हलकें होवे सो लघु स्पर्श नामकर्म ५४ जिसके उदयसें लोहेवत् भारी शरीरके अवयव होवे, सो गुरू स्पर्श नामकर्म ५५ जिस कर्मके उदयसे जीवका शरीर तथा अवयव हिम बर्फवत् शीतल होवे, सोशीतस्पर्श नामकर्म५६ जिसके उदयसें जीवका शरीर तथा अवयव उष्ण होवे सो उष्ण

कर्म ५७ जिस कर्मके नदयसें जीवका शरीर तथा शरीरावयव घृतकी तरें स्निग्ध होवे, सो स्निग्ध स्पर्श नाम कर्म ५८ जिस कर्मके नदयसें जीवका शरीरावयव राखकीतरे रूखे होवे सो रुक्ष स्पर्श नामकर्म ५ए इति स्पर्श नामकर्म नरक, तिर्यंच मनुष्य, देव ए चार जगें जब जीव गति नाम कर्मके नदयसें वक्र बांकी गति करे, तब तिस जीवकों वांके जातेको जो अपने स्थानमें ले जावे, जैसे वैलके नाकमें नाथ तैसे जीवके अंतराल वक्र गतिमें अनुपूर्वीका नदय तथा जो जीवके हाथ पगादि सर्व अवयव यथा योग्य स्थानमे स्थापन करे, सो अनुपूर्वी नामकर्म सो. चार प्रकारका है, नरकानुपूर्वी १ तिर्यचानुपूर्वी २ मनुष्यानुपूर्वी ३ देवतानुपूर्वी ४ एवं सर्व ६३ हुइ, जिसके नदय से हाथी वृषनकी तरे शुन्न चलनेकी गति होवे

सो शुभ विहाय गति ६४ जिस कर्मके उदयसें ऊंटकी तरे बुरी चाल गति होवे, सो अशुभ विहाय गति नामकर्म ६५ जिसके उदयसें परकी शक्ति नष्ट हो जावे, परसें गंज्या पराभव करा न जाय, सो पराघात नामकर्म ६६ जिसके उदयसें श्वासोश्वासके लेनेकी शक्ति उत्पन्न होवे, सो उस्वास नामकर्म ६७ जिसके उदयसें जीवांका शरीर उष्ण प्रकाश वाला होवे, सूर्य मंडलवत्, सो आतप नामकर्म ६८ जिसके उदयसें जीवका शरीर अनुष्ण प्रकाशवाला होवे, सो उद्योत नामकर्म, चंद्र मंडलवत् ६९ जिसके उदयसें जीवका शरीर अति भारी अति हलका न होवे. सो अगुरु लघु नामकर्म ७० जिसके उदयसें चतुर्विध संघ तीर्थस्थापन करके तीर्थंकर पदवी लहे, सो तीर्थंकर नामकर्म ७१ जिस कर्मके

उदयसें जीवके शरीरमें हाथ, पग, पिंडी, साथल, पेट, छाती, बाहु, गला, कान, नाक, होठ, दांत, मस्तक, केश, रोम शरीरकी नशाकी विचित्र रचना, आंख, मस्तक प्रमुखके पमदें यथार्थ यथा योग्य अपने २ स्थानमें उत्पन्न करे होवे, संचयसें जैसे वस्तु बनतीहै तैसैही निर्माण कर्मके उदयसें सर्व जीवांके शरीरोमे रचना होतीहै, सो निर्माणकर्म ७२ जिसके उदयसें जीव अधिक तथा न्यून अपने शरीरके अवयव करके पीडा पावे, सो उपघात नामकर्म ७३ जिसके उदयसें जीव थावरपणा छोडी हलने चलनेकी लब्धि शक्ति पावे सो त्रसनाम कर्म है ७४ जिस कर्मके उदयसें जीव सूक्ष्म शरीर छोडके बादर चक्षुग्राह्य शरीर पावे सो बादर नामकर्म ७५ जिस कर्मके उदयसें जीव प्रारंभ करी हुइ छ ६ पर्याप्ति

अर्थात् आहार पर्याप्ति १ शरीर पर्याप्ति २ इंद्रिय पर्याप्ति ३ सासोत्स्वास पर्याप्ति ४ नापा पर्याप्ति ५ मनः पर्याप्ति ६ पूरी करे, सो पर्याप्त नामकर्म ७६ जिसके नदयसें एक जीव एकही नदारिक शरीर पावे सो प्रत्येक नामकर्म ७७ जिस कर्म के नदयसें जिवके हाम दांतादि दृढ बंध होवे, सो थिर नामकर्म ७७ जिस कर्मके नदयसें ना-निसे नपरला नाग शरीरका पावे, डुसरेके तिस अंगका स्पर्श होवे तोनी बुरा न माने सो शुन नामकर्म ७ए जिस कर्मके नदयसें विना नपका रके कस्यांनी तथा सबंध विना वल्लन्न लागे, सो सौनाग्य नामकर्म ७० जिंस कर्मके नदयसे जीवका कोकिलादी समान मधुर स्वर होवे, सो सु-स्वर नामकर्म ७१ जिस कर्मके नदयसे जीवका वचन सर्वत्र माननीय होवे सो आदेय नामकर्म

८२ जिस कर्मके उदयसें जगतमें जीवकी यशकीर्त्ति फैले, सो यश कीर्त्ति नामकर्म ८३ जिस कर्मके उदयसें जीव त्रसपणा छोडकी स्थावर पृथ्वी पानी, वनस्पत्यादिकका जीव हो जावे, हली चली न सके, सो स्थावर नामकर्म ८४ जिस कर्मके उदयसे सूक्ष्म शरीर जीव पावे सो सूक्ष्म नामकर्म ८५ जिस कर्मके उदयसें प्रारंभी हुइ पर्याप्ति पुरी न कर सके, सो अपर्याप्त नामकर्म.

८६ जिस कर्मके उदयसे अनंते जीव एक शरीर पामे, सो साधारण नामकर्म ८७ जिस कर्मके उदयसें जीवके शरीरमें लोहु फिरे हाडादि, सिथल होवे, सो अथिर नामकर्म ८८ जिस कर्मके उदयसे नाभीसें नीचेका अंग उपांगादि पावे, सो अशुभ नामकर्म ८९ जिस कर्मके उदयसें जीव अपराधके विना करेही बुरा लगे, सो दौर्भाग्य

नामकर्म ए० जिस कर्मके उदयसें जीवका स्वर मार्जार, ऊंट सरीखा होवे, सो दुःस्वर नामकर्म ए१ जिस कर्मके उदयसें जीवका वचन अच्छाभी होवे, तोभी लोक न माने सो अनादेय नामकर्म ए२ जिस कर्मके उदयसे जीवका अपयश अकीर्त्ति होवे, सो अपयश कीर्त्ति नामकर्म, ए३ इति नामकर्म. ६.

अथ नामकर्म बंध हेतु लिखते है ॥ देव गत्यादि तीस ३० शुभ नामकर्मकी प्रकृतिका बंधक कौनहोवे, सो लिखते है. सरल कपट रहित होवे जैसी मनमे होवे तैसेही कायकी प्रवृत्ति होवे. किसीकोंभी अधिक न्युन तोला, मापा करके न ठगे, परवंचन बुद्धि रहित होवे, ऋद्धिगारव, रसगारव, सातागारव, करकेरहित होवे, पाप करता हुआ डरे परोपकारी सर्व जन प्रिय क्षमा

दि गुणयुक्त ऐसा जीव शुभ नामकर्म बांधे तथा अप्रमत्त यतिपणे चारित्रियो आहारकद्विक बांधे, १ और अरिहंतादि वीश स्थानककों सेवता हुआ तीर्थंकर नामकर्मकी प्रकृति बांधे। और इन पूर्वोक्त कामोंसे विपरीत करे अर्थात् बहुत कपटी होवे, कूडा, तोला, मान, मापा करके परको ठगे, परद्रोही, हिंसा, जूठ, चौरी, मैथुन, परिग्रहमे तत्पर होवे, चैत्य अर्थात् जिनमंदिरादिककी विराधना करे, व्रतलेकर भग्न करे, तीनो गौरवमें मत्त होवे, हीनाचारी ऐसा जीव नरक गत्यादि अशुभ नाम कर्मकी ३४ चौतीस प्रकृति बांधे येह सतसठ ६७ प्रकृतिकी अपेक्षा करके बंध कथन करा, इति नामकर्म ६ संपुर्ण.

अथ गोत्रकर्म तिसके दो भेद. प्रथम उंच गोत्र, विशिष्ट जाती, क्षत्रिय कास्यपादिक उ-

वोंक्त गुणोसें विपरीत गुणवाला अर्थात् मत्सरी १ जात्यादि आठ मद सहित अहंकारके उदयसें किसीको पढावें नही, सिद्ध प्रवचन अरिहंत चैत्यादिककी निंदा करे, नक्ती न होवे, सो जीव हीन जाती नीच गोत्र बांधे ॥ इति गोत्रकर्म ७.

अथ आठमा अंतराय कर्मका स्वरूप लिखतेहै, तिसके पांच भेद है. जिस कर्मके उदयसें जीव शुद्ध वस्तु आहारादिकके हूएभी दान देंनेकी इच्छाभी करे, परंतु दे नही सके, सो दानांतराय कर्म १ जिस कर्मके उदयसें देनेवालेके हूएभी इष्ट वस्तु याचनेसेंभी न पावे. व्यापारादिमें चतुरभी होवे तोभी नफा न मिले, सो लाभांतराय कर्म २ जिस कर्मके उदयसें एक वार भोगने योग्य फूलमाला मोदकादिकके हूएभी भोग न कर सके, सो भोगांतराय कर्म ३ जिस कर्मके

उदयसें जो वस्तु बहुत वार भोगनेमें आवे, स्त्री आभर्ण वस्त्रादि तिनके हूएभी वारंवार भोग न कर सके, सो उपभोगांतराय कर्म ४ जिस कर्म के उदयसे मिथ्या मतकी क्रिया न कर सके, सो वालवीर्यांतराय कर्म १ जिसके उदयसें सम्यगूदृ-ष्टी, देश वृत्ति धर्मादि क्रिया न कर सके, सो वाल पंडित वीर्यांतराय कर्म, जिसके उदयसें सम्यग् दृष्टी साधु मोक्ष मार्गकी संपर्ण क्रिया न कर सके सो पंडित वीर्यांतराय कर्म अथ अंतराय कर्मके बंध हेतु लिखतेहै. श्री जीन प्रतिमाकी पुजाका निषेध करे, उत्सूत्रकी प्ररूपणा करे, अन्य जीवां-कों कुमार्गमे प्रवर्त्तावे, हिंसादिक आठारह पाप सेवनेमें तत्पर होवे, तथा अन्य जीवांको दान ला भादिकका अंतराय करे, सो जीव अंतराय कर्म बांधे. इति अंतराय कर्म ८.

इस तरें आठ कर्मकी एकसो अमतालीस १४८ कर्म प्रकृतिके उदयसे जीवोके शरीरादिककी विचित्र रचना होतीहै, जैसे आहारकी खानेसे शरीरमें जैसें जैस रग और प्रमाण संयुक्त हाम, नशा, जाल, आंखके पमदे मस्तकके विचित्र अवयवपणें तिस आहारका रस परिणमता है, यह सर्व कर्मोंके उदयसें शरीरकी सामर्थ्यसें होता है, परतु यहां ईश्वर नही कुछभी कर्ताहै तैसेही काल १ स्वभाव २ नियति ३ कर्म ४ उद्यम ५ इन पाचो कारणोसें जगतकी विचित्र रचना हो रहीहै. जेकर ईश्वर वादी लोक इन पुर्वोक्त पाचोके समवायको नाम ईश्वर कहते होवे तव तो हमभी ऐसे ईश्वरको कर्त्ता मानतेहै. इसके सिवाय अन्य कोइ कर्ता नहीहै, जेकर कोइ कहे जैनीयोंने स्वकपोल कल्पनासें कर्मोके भेद वना र-

